# विनिर्माण से भारत बनेगा वैश्विक उत्पादन केंद्र

## पीयूष गोयल ने कहा- राज्यों की भूमिका औद्योगिक सुधारों में अहम

**नयी दिल्ली, 12 नवंबर. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को यहां उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग द्वारा आयोजित उद्योग समागम 2025 में कहा कि सरकार उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध करवाने तथा गुणवत्ता नियंत्रण आदेश लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है और राज्यों को इसमें पूरा सहयोग करना चाहिए.**

गोयल ने कहा कि उपभोक्ताओं को बेहतर गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध कराने और विनिर्माण में गुणवत्ता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए गुणवत्ता नियंत्रण आदेश लागू किए जा रहे हैं. खिलौनों और प्लाईवुड पर क्यूसीओ की सफलता का हवाला देते हुए, उन्होंने कहा कि ऐसे उपायों से भारतीय उद्योगों को मजबूती मिली है और घटिया आयात पर अंकुश लगा है.



श्री गोयल ने मध्य प्रदेश द्वारा नाममात्र दरों पर तैयार औद्योगिक सुविधाएँ उपलब्ध कराने के मॉडल की सराहना करते हुए—जिससे लाखों रोज़गार पैदा हुए हैं—उन्होंने अन्य राज्यों से भी इसी तरह के दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया. उन्होंने विश्वास बनाने और व्यापार में आसानी बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन भुगतान, प्रतिस्पर्धी बिजली दरों और स्व-प्रमाणन प्रणालियों के लिए एस्क्रो और भारतीय रिजर्व बैंक से जुड़ी व्यवस्थाओं के इस्तेमाल का भी सुझाव दिया. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शून्य प्रभाव, शून्य दोष के आदर्श वाक्य का उल्लेख करते हुए, उन्होंने उद्योगों से ऐसे टिकाऊ विनिर्माण अभ्यास अपनाने का आग्रह किया जो पर्यावरणीय प्रभाव को न्यूनतम रखते हुए गुणवत्ता के उच्चतम मानकों को बनाए रखें.

इस सम्मेलन का यह दूसरा संस्करण था जिसमें 14 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के उद्योग और वाणिज्य मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और उद्योग प्रतिनिधि व्यापार सुधार कार्य योजना 2024 के तहत प्रगति की समीक्षा करने और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सम्मानित करने के लिए एकत्रित हुए.

श्री गोयल ने औद्योगिक विकास को गति देने में मज़बूत केंद्र-राज्य सहयोग के महत्व पर जोर दिया और कहा कि प्रत्येक राज्य ने अच्छी प्रथाएँ विकसित की हैं जो दूसरों के लिए आदर्श बन सकती हैं.

### रुपया 23 पैसे मजबूत

**मुंबई, 12 नवंबर.** अंतर बैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया मंगलवार को 23 पैसे मजबूत हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 88.50 रुपये का बोला गया. इससे पहले, सोमवार को भारतीय मुद्रा आठ पैसे कमजोर होकर 88.73 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी.

रुपया आज चार पैसे की बढ़त के साथ 88.69 रुपये प्रति डॉलर पर खुला. इसका दिवस का निचला स्तर 88.72 रुपये रहा. इसके बाद लगातार मजबूत होता हुआ यह 88.50 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया और अंत में इसी स्तर पर बंद हुआ.

दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर में 0.25 प्रतिशत की गिरावट से रुपये को समर्थन मिला. साथ ही घरेलू शेयर बाजार की तेजी ने भी भारतीय मुद्रा को मजबूती प्रदान की.

# टाटा पावर का मुनाफा 14 प्रतिशत बढ़ा

## दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) के दौरान हुआ 1,245 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ

**मुंबई, 12 नवंबर. बिजली कंपनी टाटा पावर को चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही ( जुलाई-सितंबर ) के दौरान 1,245 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ है, जो पिछले साल की समान तिमाही की तुलना में 14 प्रतिशत अधिक है.**

कंपनी ने मंगलवार को जारी वित्तीय परिणामों में बताया कि दूसरी तिमाही में उसका कुल राजस्व तीन प्रतिशत बढ़कर 15,769 करोड़ रुपये पर पहुंच गया. परिचालन लाभ छह प्रतिशत की वृद्धि के साथ 4,032 करोड़ रुपये रहा. टाटा पावर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक प्रवीर सिन्हा ने बताया कि कंपनी का मजबूत प्रदर्शन उसके कारोबारी मॉडल के रणनीतिक पहलुओं और लिए गये फैसलों की मजबूती दिखाता है. उन्होंने कहा कि पारंपरिक ऊर्जा, हरित ऊर्जा और उपभोक्ता केंद्रित वितरण में वृद्धि जारी है. कंपनी ने बताया कि दूसरी तिमाही के दौरान नवीकरणीय ऊर्जा कारोबार में उसका मुनाफा 70 प्रतिशत बढ़कर 511 करोड़ रुपये पर पहुंच गया.

सोलर सेल और मॉड्यूल निर्माण दूसरी तिमाही में क्रमशः 928 मेगावाट और 970 मेगावाट रहे. बिजली पारेषण कारोबार से प्राप्त कुल राजस्व सालाना आधार पर 41 प्रतिशत बढ़कर 120 करोड़ रुपये पर पहुंच गया. बिजली वितरण कारोबार का राजस्व 34 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 557 करोड़ रुपये हो गया. कंपनी ने बताया कि वह महाराष्ट्र, गोवा और उत्तर प्रदेश में भावी अवसरों को सक्रिय रूप से तलाश रही है.



# एफसीआई में 1.5 प्रतिशत गेन कटौती व संचालन बैठक संपन्न

**भोपाल, 12 नवम्बर.** भारतीय खाद्य निगमके क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल में महाप्रबंधक की अध्यक्षता में निजी गोदाम स्वामियों, एफसीआई अधिकारियों एवं एमपीडब्ल्यूएलसी के स्टाफ एसोसिएशन के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई. बैठक का मुख्य उद्देश्य 03 जनवरी 2022 के तहत 1.5 प्रतिशत गेन कटौती से संबंधित आपत्तियों एवं संचालन से जुड़ी समस्याओं की समीक्षा करना था. बैठक में गोदाम स्वामियों द्वारा 1.5प्रतिशत गेन के एवज में भुगतान न होने, एमपीएससी एससी के स्टाफ को तकनीकी जानकारी का अभाव, स्टाफ की कमी, नमी में परिवर्तनशीलता, गुणवत्ता संबंधी कठिनाइयाँ, अनुपालन में कमी, रिकॉर्ड साझा न होने नमी मापन संबंधी प्रशिक्षण के अभाव जैसे मुद्दे प्रमुख रूप से उठाए गए.

### चावल-दालें मजबूत, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नयी दिल्ली, 12 नवंबर.** घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल की औसत कीमत बढ़ गयी और गेहूं में भी मजबूती देखी गयी. चीनी और दालों के दाम भी बढ़े लेकिन खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया. विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जनवरी वायदा 27 रिंगिट चढ़कर 4,139 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया.

अमेरिकी सोया तेल का दिसंबर वायदा 0.51 प्रतिशत की बढ़त के साथ 50.84 डॉलर के भाव बोला गया. घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 13 रुपये बढ़कर 3,851.52 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी. गेहूं पांच रुपये की तेजी के साथ 2,860.80 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका.

# विदेशी मुद्रा खरीद और भुगतान हुआ आसान

**क्लियरकॉर्प के सहयोग से जुड़ा एफएक्स रिटेल प्लेटफॉर्म**

**फिनटेक जगत में डिजिटल विदेशी मुद्रा का नया अध्याय**

**मुंबई, 12 नवंबर. भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनपीसीआई भारत बिलपे लिमिटेड (एनबीबीएल) ने अपने भारत कनेक्ट प्लेटफार्म पर विदेशी मुद्रा (अमेरिकी डॉलर) की खरीद और भुगतान की सुविधा वाली एक नयी श्रेणी शुरू की है.**

कंपनी की मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार यह सुविधा क्लियरिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (सीसीआईएल) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी क्लियरकॉर्प डीलिंग सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड (क्लियरकॉर्प) के सहयोग से की गयी है. इससे एनबीबीएल के भारत कनेक्ट को क्लियरकॉर्प के एफएक्स-रिटेल प्लेटफॉर्म के साथ जोड़ा गया है. भारत कनेक्ट के साथ एफएक्स रिटेल प्लेटफॉर्म को जोड़ने से खुदरा ग्राहक भारत कनेक्ट (बीबीपीएस) प्लेटफॉर्म के साथ एकीकृत अपने पसंदीदा भुगतान या बैंकिंग ऐप के माध्यम से ही विदेशी मुद्रा (डॉलर) प्राप्त कर सकेंगे. इस सुविधा का हाल में मुंबई में संपन्न ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर टी. रबी शंकर की में उपस्थिति में प्रदर्शन किया किया गया था.

### ऊर्जा भंडारण के क्षेत्र में भारत की बड़ी छलांग

विद्युत और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार को सरकारी क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी लि के ग्रेटर नोएडा स्थित एक परिसर में देश की सबसे बड़ी और पहली तीन मेगावाट क्षमता वाली वैनेडियम रेडॉक्स फ्लो बैटरी (वीआरएफबी) प्रणाली का उद्घाटन किया. इसे हरित ऊर्जा क्षेत्र में एनटीपीसी की एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है. यह बैटरी प्रणाली परियोजना दीर्घकालिक ऊर्जा भंडारण (एलडीईएस) समाधानों की दिशा में देश की यात्रा में एक बड़ा कदम बताया जा रहा है, जिससे नवीकरणीय ऊर्जा एकीकरण और ग्रिड की स्थिरता को बल मिलेगा.

# पावरग्रिड नागपुर में हुआ सांस्कृतिक महोत्सव

**नयी दिल्ली, 12 नवंबर. पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, पश्चिमी क्षेत्र-1 द्वारा क्षेत्रीय सांस्कृतिक महोत्सव और हस्तकला प्रदर्शनी 2025 का आयोजन 10 नवंबर को क्षेत्रीय मुख्यालय, नागपुर में किया गया. इस अवसर पर कर्मचारियों और उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.**

कार्यक्रम का आयोजन सप्तरंग हॉल, नागपुर में किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसे क्षेत्र प्रमुख विभय कुमार, कार्यपालक निदेशक (पश्चिमी क्षेत्र-1), सारिका राय, संरक्षिका, महिला समिति (पश्चिमी क्षेत्र-1), केबी सुब्रमणियन, मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना), अरविंद कुमार पांडे, मुख्य महाप्रबंधक (कुरुक्षेत्र एवं चांपा एचवीडीसी), रजनीश तिवारी, मुख्य महाप्रबंधक (संपदा प्रबंधन), बिनोद कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (नागपुर एचवीडीसी) एवं कार्यक्रम के विशिष्ट निर्णायकगणों की उपस्थिति में संपन्न किया गया. महोत्सव के दौरान नृत्य, नाट्य, हस्तकला, शिल्प एवं ललित कला पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिनमें संगठन के कर्मचारियों और उनके परिवारों की रचनात्मक प्रतिभा झलकी. नृत्य-नाट्य प्रतियोगिता में टीम दुर्ग (मंडेसरा) ने अपनी प्रस्तुति ज़िंदगी जो कभी नहीं हारती के माध्यम से जिजीविषा, साहस और विपरीत परिस्थितियों पर विजय का संदेश देते हुए प्रथम पुरस्कार जीता. टीम सिवनी ने प्रकृति और संस्कृति के संरक्षण से सतत भविष्य की अपील विषय पर शानदार प्रस्तुति देकर प्रथम उपविजेता का स्थान प्राप्त किया. वहीं टीम वर्धा ने मानवता और प्रकृति के पंचतत्वों के बीच संतुलन स्थापित करने की यात्रा को प्रदर्शित करते हुए द्वितीय उपविजेता का स्थान हासिल किया. टीम भाटापारा को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया. प्रदर्शनी में ललित कला, शिल्प और हस्तकला श्रेणी में चयनित प्रतिभागियों को भी ट्रॉफी प्रदान की गई.

अपने मुख्य संबोधन में मुख्य अतिथि विभय कुमार ने सभी प्रतिभागी टीमों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और मेहनत के लिए बधाई दी. उन्होंने पावरग्रिड पश्चिमी क्षेत्र-1 द्वारा विद्युत पारेषण के क्षेत्र में हासिल की जा रही उल्लेखनीय उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए क्षेत्र की परिचालन उत्कृष्टता और राष्ट्रीय प्रगति के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया. कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ.

# महंगाई दर 14 साल के न्यूनतम स्तर पर

**नयी दिल्ली, 12 नवंबर. खाद्य वस्तुओं की कीमतों में सालाना आधार पर भारी गिरावट और वस्तु एवं सेवा कर की दरों में कमी के बाजार प्रभाव के बीच उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति अक्टूबर में और घटकर 0.25 प्रतिशत के स्तर पर आ गयी.**

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम मंत्रालय की ओर से जारी अक्टूबर के सीपीआई आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2011-12 की कीमतों को आधार बनाकर जारी की जा रही सीपीआई श्रृंखला में यह खुदरा मुद्रास्फीति का न्यूनतम स्तर है.

पिछले साल अक्टूबर में खुदरा मुद्रास्फीति 6.21 प्रतिशत थी. सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया है, अक्टूबर 2025 के दौरान खुदरा मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट मुख्य रूप से जीएसटी में गिरावट, अनुकूल आधार प्रभाव और तेल एवं वसा, सब्जियां, फल, अंडे, जूते, अनाज और उत्पाद, परिवहन और संचार आदि की मुद्रास्फीति में गिरावट के पूरे महीने के प्रभाव के कारण है. अक्टूबर में सब्जियों की खुदरा कीमतें सालाना आधार पर 27.57 प्रतिशत नीचे थीं.

अक्टूबर में खाद्य वर्ग में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर शून्य से 5.02 प्रतिशत नीचे रही. सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि वस्तु एवं सेवा कर में कमी का असर अक्टूबर में हर क्षेत्र के खुदरा मूल्यों पर परिलक्षित हुआ है.जीएसटी की दरों में कमी का फैसला 22 सितंबर से लागू हुआ था. अक्टूबर में ग्रामीण क्षेत्रों में खुदरा मुद्रास्फीति शून्य से 0.25 प्रतिशत नीचे रही जबकि शहरी इलाकों में खुदरा मूल्य सालाना आधार पर 0.88 प्रतिशत ऊपर थे. सितंबर में खुदरा मुद्रास्फीति 1.44 प्रतिशत थी.

### सोने के भाव गिरे, चांदी के चमके

**नई दिल्ली, 12 नवंबर.** सोने और चांदी के रेट में निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिला. 24 कैरेट सोना 787 रुपये की गिरावट के बाद 123,362 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया. जीएसटी समेत इसका मूल्य अब 127,082 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है.

वहीं चांदी की कीमत में तेजी रही और यह 1,59,697 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई. इस साल सोने की कीमत 47,622 रुपये प्रति 10 ग्राम बढ़ चुकी है, जबकि चांदी 64,029 रुपये प्रति किलो उछल चुकी है.

# भारतीय शेयर बाजारों में तेजी

**595 अंक से आगे बढ़ा सेंसेक्स**

**180 अंक से उछला निफ्टी**

**मुंबई, 12 नवंबर. अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की उम्मीद और विदेशी संस्थागत निवेशकों के भारतीय बाजार में पूंजी लगाने से घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार तीसरे दिन तेजी देखी गयी और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 595.19 अंक (0.71 प्रतिशत) चढ़कर 84,466.51 अंक पर पहुंच गया जो 29 अक्टूबर के बाद का उच्चतम स्तर है.**


नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 180.85 अंक यानी 0.70 फीसदी बढ़कर 25,875.80 अंक पर बंद हुआ. यह 30 अक्टूबर के बाद का उच्चतम स्तर है. अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौता जल्द होने की उम्मीद में बाजार में निवेश धारणा मजबूत बनी हुई है. इसकेसाथ ही विदेशी संस्थागत निवेशकों ने आज शुद्ध रूप से इक्विटी तथा दूसरे इस्ट्रूमेंट्स में लिवाली की. इससे शेयर बाजार को बढ़त मिली.

**समाचार विशेष**

# भाजपा ने शुरू कर दी 2027 की तैयारी

## 3000 किमी की पदयात्रा और पेड़ों के जरिए साधेगी सियासी समीकरण

**लखनऊ. उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में अभी लंबा वक्त है. लेकिन राजनीतिक दल अपनी-अपनी तैयारियों में जुट गए हैं. बीजेपी ने आगामी चुनाव में कमल खिलाने और जीत की हैट्रिक लगाने के लिए अभी से तैयारियां भी शुरू कर दी है.**




बीजेपी आगामी यूपी चुनाव से करीब डेढ़ साल पहले ही चुनावी तैयारियों का आगाज पदयात्रा के जरिये करने जा रही है. इसको लेकर यूपी बीजेपी ने अपनी कमर कस ली है और पूरा रूट प्लान भी तैयार कर लिया है. यूपी में बीजेपी 10 नवंबर से पदयात्रा शुरू करने जा रही है. इस यात्रा के जरिये बीजेपी प्रदेश की सभी 403 विधानसभा क्षेत्र में कुल 8 किलोमीटर की दूरी तय करेगी. इस यात्रा में बीजेपी के सांसद से लेकर विधायक तक पैदल चलेंगे. इस तरह बीजेपी पूरे उत्तर प्रदेश में 3,224 किलोमीटर पैदल यात्रा करेगी.

दरअसल यूपी में 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी अभी से शुरू कर दी हैं. क्योंकि लोकसभा और बिहार विधानसभा चुनाव की तरह ही यूपी में भी इंडिया गठबंधन एकजुट दिखाई दे सकता है जिसके कारण यूपी में भी बीजेपी की राह आसान नहीं होने वाली है.

### एक विधानसभा में एक दिन में पदयात्रा पूरी

यूपी में हर विधानसभा क्षेत्र में 4 से 5 मंडल हैं. इस यात्रा में अलग-अलग मंडल के पदाधिकारी भी शामिल होंगे. उस क्षेत्र में समाज के सभी प्रबुद्ध वर्ग, धार्मिक और राजनीतिक लोग इस पदयात्रा में शामिल होंगे. इस पदयात्रा में बीजेपी के मौजूदा सांसद, विधायक और जिला अध्यक्ष पूरे समय रहेंगे. भूपेंद्र चौधरी ने बताया कि इस पदयात्रा के जरिए सरदार पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में उनके योगदान की चर्चा करेंगे. हर विधानसभा पर निकलने वाली पदयात्रा के आखिरी में जनसभा भी होगी. यात्रा के दौरान बीच-बीच में पदयात्रा का हिस्सा बनने वाले लोगों से बातचीत होती रहेगी.

# संजीव सिंह फिर मैदान में

**धनबाद.** कोयलांचल की राजनीति में एक नया अध्याय लिखने की तैयारी हो रही है. झरिया के पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह, जो आठ वर्षों की जेल जीवन के बाद हाल ही में बरी होकर बाहर आए हैं, अब सक्रिय राजनीति में वापसी करने की योजना बना रहे हैं.

वे आज रविवार को महत्वपूर्ण घोषणा कर सकते हैं. 2017 के धनबाद पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह हत्याकांड में नामजद आरोपी रहे संजीव सिंह को विशेष एमपी-एमएलए कोर्ट ने 27 अगस्त 2025 को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया. इस फैसले के बाद वे जेल से रिहा हुए और अब परिवार व समर्थकों के साथ राजनीतिक रणनीति पर विचार-विमर्श कर रहे हैं.नीरज सिंह की हत्या 21 मार्च 2017 को धनबाद के स्टील गेट के पास हुई थी. उस शाम मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने नीरज सिंह के एसयूवी पर 67 गोलियां बरसाईं, जिसमें नीरज के अलावा उनके ड्राइवर घोल्टू महतो, बॉडीगार्ड मुन्ना तिवारी और सहायक अशोक यादव भी मारे गए. यह कोयला माफिया प्रभावित क्षेत्र का सबसे सनसनीखेज हत्याकांड था, जिसमें ट्रेड यूनियन विवाद और पारिवारिक रंजिश की आशंका जताई गई.

### पार्षद का 'टैग' लगाने को उम्मीदवार तैयार

**गोंदिया.** नगरीय निकाय चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है. चुनाव आयोग द्वारा कार्यक्रम घोषित किए जाने के साथ ही पिछले तीन-चार वर्षों से इंतजार कर रहे संभावित उम्मीदवारों में उत्साह की लहर दौड़ गई है. सभी पूर्व पार्षद और नए प्रत्याशी अब मैदान में सक्रिय हो गए हैं. हर कोई अपने नाम के आगे 'पार्षद' का टैग जोड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है. कई उम्मीदवारों ने स्पष्ट कहा है कि इस बार किसी भी कीमत पर वे पार्षद बनकर रहेंगे, इसके लिए वे भारी-भरकम खर्च करने को भी तैयार हैं.जिले के नगरीय निकाय पिछले तीन-चार वर्षों से प्रशासक के अधीन थे, जिसके चलते चुनाव की तारीखों को लेकर अनिश्चितता बनी हुई थी. न्यायालय के निर्देशानुसार ओबीसी आरक्षण मुद्दे का समाधान कर चुनाव कराने के आदेश दिए गए थे.

**Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking)
(ISO 9001 : 2015 Certified)
1st Floor, Udyog Bhawan, Ring Road No.1, Telibandha, Raipur(C.G.) - 492006
CIN : U45203CT1981SG001853, PAN : AABCM6288N, GST Regn No22AABCM6288N5ZY
Phone : 0771-6621000 Fax : 0771-2583794
Website : www.csidc.in, Email address:csidc.cg@nic.in,csidc_raipur@yahoo.com

**NOTICE INVITING TENDER (1st call)**
**(Through e-Procurement Portal Only)**

No.: 22/CSIDC/E.E. Division-I/2025-26/ 179178 Raipur, dated 04/11/2025

Online tenders are invited in **Form-B Item rate basis, from "A"class Electrical license contractors'** Registered in D & Above class in new registration system "Unified Registration System- (e-Registration)" with Chhattisgarh P.W.D website https://eproc.cgstate.gov.in at appropriate class, for the following works:-

| S.No. | Name of Work | Calss of Contractor Eligible to Tender | Time allowed including rainy season | Estimated Cost (INR Lacs) | EMD (INR Rs.) | Cost of Tender Doc. (INR) including GST 18% |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | External Electrification Work for shifting of HT Line (11 KV) & LT Line at "Commercial Complex Phase-II" Ring Road No. 1 (Near Udyog Bhawan), Purena, Raipur (C.G.) | Registered in D class in new registration system "Unified Registration System- (e-Registration)" | 02 Months | 17.87 Lacs | 13,500/- | 885/- |

The tender document and other details can be downloaded from the web portal (website) https://eproc.cgstate.gov.in from *11/11/2025* and shall be submitted online only. Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

NOTE: 1) The interested tenderers for online submission of tender may contact CG eProc Helpdesk. Operated by **Mjunction Services Limited**., they may reach Helpdesk using 18002582502 (from 9 AM to 11 PM) (therein press 2 for CG e-Proc) or you can email them at Helpdesk.eproc@ cgswan.gov.in.
2) Tenderer may contact to E.E., Div-I, CSIDC, Udyog Bhawan in working hours to clear their doubt if any before online submission of the tender.

**Executive Engineer,**
Division-I

**45878/4**

**विशेष** केदार और सपकाल आमने-सामने, 550 उम्मीदवारों के इंटरव्यू लिए

# चुनाव से पहले कांग्रेस में खुली गुटबाजी!

**नागपुर.** जिले में होने वाले आगामी चुनावों से ठीक पहले कांग्रेस में नाराज़गी के सुर उभरने लगे हैं. गुटबाजी फिर से उजागर होने लगी है. बिना किसी पूर्व सूचना के जिला कांग्रेस नेतृत्व ने जिला चयन समिति की बैठक बुलाकर उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी, जिससे प्रदेशाध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल नाराज हो गए. प्रदेशाध्यक्ष की जानकारी के बिना बुलाई गई इस बैठक में जब पर्यवेक्षक और विधानसभा प्रभारी अचानक पहुंच गए, तो उन्होंने बैठक को अवैध करार दिया और वहां से चले गए. इस घटनाक्रम से बैठक में मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया. हालांकि इसके बावजूद बैठक जारी रही. इस घटनाक्रम को कांग्रेस के दिग्गज नेता सुनील केदार व प्रदेशाध्यक्ष सपकाल के बीच सीधी व खुली टक्कर भी बताया जा रहा है.

बैस ने बुलाई थी बैठक- जिले में नगर पंचायत, नगरपालिका, जिला परिषद और पंचायत समिति के चुनाव होने वाले हैं. इन्हीं की तैयारी के लिए शुक्रवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष अश्विन बैस ने चयन समिति की बैठक बुलाई थी, जिसमें इच्छुक उम्मीदवारों को भी आमंत्रित किया गया था. इस बैठक में पूर्व मंत्री सुनील केदार, सांसद श्यामकुमार बर्वे, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र मूलक और प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश भोयर उपस्थित थे. बैठक में विधानसभा निहाय नप-नपं चुनाव लड़ने के इच्छुकों के इंटरव्यू लिए गये. बैठक में केवल केदार गुट के पदाधिकारियों को ही बुलाया गया था जिसके चलते दूसरे गुट ने प्रदेशाध्यक्ष से शिकायत कर दी. सपकाल ने जिला निरीक्षक, पूर्व विधायक वीरेंद्र जगताप और कुछ विधानसभा पर्यवेक्षकों से पूछताछ की.




जब पता चला कि पर्यवेक्षकों को बैठक की कोई जानकारी ही नहीं दी गई तो सपकाल ने जगताप, अशोक बोबडे और उदय मेघे को तत्काल बैठक में जाने का निर्देश दिया.

### बढ़ सकता है विवाद

पूर्व मंत्री सुनील केदार पर पिछले कुछ वर्षों से जिला कांग्रेस को अकेले चलाने के आरोप लगते रहे हैं. उन्होंने लोकसभा चुनाव में अपनी पसंद के उम्मीदवार रश्मि बर्वे का एकमात्र नाम भेजा था. पूर्व जिलाध्यक्ष बाबा आष्टणकर जो उनके समर्थक नहीं हैं, उन्हें 8 महीनों में ही पद से हटा दिया गया था. विधानसभा चुनाव में रामटेक में महाविकास आघाड़ी के खिलाफ बगावत करने के बाद भी केदार ने राजेंद्र मूलक का खुलेआम प्रचार किया था. इसके बावजूद सपकाल ने अब तक केदार का समर्थन किया था,